## प्रेस नोट

## गरिमामय सेवानिवृत्ति, विदाई समारोह-

हमीरपुर पुलिस लाइन में आज दिनांक 31.05.2025 को एक गरिमामय सेवानिवृत्ति/विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने अधिवर्षता आयु पूर्ण करने वाले पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों को सम्मानित किया । इस महत्वपूर्ण अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर ने सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों के कार्यों की सराहना की।

समारोह में सेवानिवृत्ति के उपलक्ष्य में सम्मानित किया गया:-

**1. लीडिंग फारयमैन श्री रमेश चन्द्र मिश्रा :-** जिनके नेतृत्व और कार्यकुशलता की सराहना पूरे विभाग में की जाती है। उन्होंने अपनी सेवाओं के दौरान पुलिस बल के मनोबल को बढ़ाने में अहम योगदान दिया।

अपर पुलिस अधीक्षक ने अपने संबोधन में लीडिंग फारयमैन श्री रमेश चन्द्र मिश्रा के योगदान की प्रशंसा की और पुलिस विभाग में उनके द्वारा किए गए महत्वपूर्ण कार्यों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि ये न केवल विभाग बल्कि समाज के प्रति भी अपना कर्तव्य पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाया है। समारोह के अंत में, सेवानिवृत्त अधिकारियों को उनके उज्ज्वल भविष्य और स्वस्थ जीवन के लिए शुभकामनाएं दी गईं। पुलिस लाइन हमीरपुर के प्रतिसार निरीक्षक और अन्य संबंधित अधिकारी भी इस अवसर पर उपस्थित रहे और उन्होंने भी सेवानिवृत्त लीडिंग फारयमैन श्री रमेश चन्द्र मिश्रा को भावभीनी विदाई दी। सभी ने मिलकर इन अधिकारियों की सेवा और समर्पण को नमन किया।

